दिनांक-11दिसंबर2019

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

निगम भिलाई का विशेष स्वच्छता अभियान , इस अभियान से जुड़ रहे लोग

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत निगम भिलाई के वार्डों में विशेष रूप से सफाई की जा रही है जिसमें डोर टू डोर कचरा कलेक्शन , रोड की सफाई, नाली की सफाई, शौचालय की सफाई, मैदानों की सफाई , झाड़ियों की कटिंग आदि सम्मिलित है! नगर पालिक निगम भिलाई स्वच्छता सर्वेक्षण की प्रतियोगिता में शहर को नंबर वन बनाने के लिए पुरजोर प्रयास कर रहा है, शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में नागरिकों की भी भूमिका अहम होती है! स्वच्छता के इस अभियान से कई लोग, समूह आदि इससे जुड़ते जा रहे हैं!

नाली की सफाई- नालियों की सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है जहां पर भी नाली मे कचरा फसने की शिकायत आती है सफाई की टीम त्वरित रूप से कचरा को निकालने का कार्य करती है! इसके साथ ही कई स्थलों पर नाली की कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए कार्य किया जा रहा है! जोन क्रमांक 3 में सुंदर नगर मिश्रा गली से चौधरी मोहल्ला तक 300 मीटर नाली की सफाई, विजयनगर लखन किराना स्टोर के पास से 300 मीटर नाली की सफाई शांति पारा उदय स्कूल के पीछे से 250 मीटर नाली की सफाई वार्ड क्रमांक 23 संत रविदास नगर मोची मोहल्ला के समीप 300 मीटर नाली की सफाई की जा चुकी है!

जीवीपी पॉइंट का विलोपन- निगम भिलाई क्षेत्र में जहां पर भी पहले कचरा एकत्रित कर दिया जाता था उन स्थलों पर से कचरा को हटाने का कार्य जारी है अधिकतम ऐसे जगहों से कचरा मुक्त किया जा चुका है तथा उन जगहों पर पुनः कोई कचरा ना डालें इसके लिए चूना , ब्लीचिंग, रंगोली, पौधों का उपयोग किया जा रहा है!

जनसंपर्क अधिकारी